# नबीन ने भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, 20 जनवरी. भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने से पहले नितिन नबीन को कई वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को शुभकामनाएं दी. गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने पदभार ग्रहण करने पर नितिन नबीन का स्वागत किया.**



नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने से पहले नितिन नबीन ने मंगलवार सुबह विभिन्न धर्म स्थलों में पूजा की. नबीन सबसे पहले झंडेवालान मंदिर जा कर प्रार्थना की. पूर्व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और विश्वास जताया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा उन राज्यों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी, जहां अब तक पार्टी को सीमित सफलता मिली है. गृहमंत्री अमित शाह ने पदभार ग्रहण करने पर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा बीते साढ़े चार दशकों में भाजपा ने राष्ट्रहित, जनकल्याण और भारतीय मूल्यों को सर्वोपरि कार्य किया है.

### जिम्मेदारी से नहीं हटे

राजनीति में अक्सर आरोप लगते हैं कि जिम्मेदारियों के नाम पर परिवार पीछे छूट जाता है, लेकिन भाजपा नेता नितिन नबीन की कहानी इससे बिल्कुल उलट है. 2021 को पहली बार बिहार सरकार में मंत्री बने। वहीं इसी साल उन्हें बंगाल विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी थी, दूसरी ओर उनकी मां गंभीर बीमार थीं. इन दोनों जिम्मेदारियों के बीच नितिन नबीन ने जो संतुलन बनाया, वही आज पार्टी के भीतर उनके समर्पण और अनुशासन की सबसे बड़ी मिसाल बन गया है. इस कठिन दौर में नितिन नबीन ने न तो पार्टी की जिम्मेदारी छोड़ी और न ही मां की सेवा में कोई कमी आने दी.

### युवा नेतृत्व से राष्ट्रीय जिम्मेदारी तक

नितिन नबीन का जन्म 23 मई 1980 को रांची, झारखंड में हुआ. वे दिवंगत भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा और मीरा सिन्हा के पुत्र हैं. प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने पटना के सेंट माइकल हाई स्कूल से प्राप्त की, जहाँ से उन्होंने 10वीं की पढ़ाई पूरी की. दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र नितिन नबीन ने कम उम्र में ही राजनीति में कदम रखा और संगठनात्मक मजबूती व जमीनी पकड़ के बल पर लगातार आगे बढ़ते रहे.

# यूपी में दोहरी हत्या से दहशत में लोग

**एटा/सहारनपुर, 20 जनवरी. उत्तर प्रदेश में एटा में सोमवार तड़के चार और सहारनपुर में मंगलवार सुबह पांच लोगों की हत्या ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

एटा जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की नृशंस हत्या से जहां इलाके में दहशत का माहौल फ़ैल गया है, वहीं सहारनपुर में एक व्यक्ति द्वारा अपने ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर फिर खुद आत्महत्या किए जाने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. दोनों मामलों में मौत का तरीका, ने एक बार फिर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. जैसे मानों इन दोनों परिवारों की खुशियों को किसी नजर लग गया है. पारिवारिक पृष्ठभूमि और संभावित कारण पुलिस



जांच के केंद्र में हैं, जबकि आम लोग सहमे हुए हैं. एटा में दिनदहाड़े एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या, आरोपी अब तक फरार नगर कोतवाली क्षेत्र के नगला प्रेमी सुनहरी नगर में सोमवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया गया. मृतकों में डॉ. गंगा सिंह शाक्य (70), उनकी पत्नी श्यामा देवी (65), बहू रत्ना देवी (40) और नातिन ज्योति (23) शामिल हैं. तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अमीन ने कथित रूप से अपने परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली. पुलिस को सभी शव घर के एक ही कमरे में मिले हैं. पुलिस के अनुसार मृतक अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37) और दो बेटों कार्तिक (16) व देव (13) की नजदीक से गोली मारकर हत्या की. इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली. प्रारंभिक जांच में अवसाद और घरेलू कलह को घटना का कारण माना जा रहा है.

# डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जाएगी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,20 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में केवल नगर निकाय ही नहीं, बल्कि डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है. कोर्ट ने कहा कि अगर आवारा कुत्तों के हमले में किसी को चोट लगती है या मौत होती है, तो जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता.**



जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा कि पिछली सुनवाई में की गई टिप्पणियों को मजाक के तौर पर लेना गलत होगा. बेंच ने दो टूक कहा, 'हम इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं और जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेंगे.' कोर्ट ने माना कि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता साफ नजर आ रही है. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह निजी पक्षों की सभी दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई समाप्त करना चाहता है.

# दिल्ली में होगा मुंबई मेयर पर फैसला

## भाजपा और शिंदे शिवसेना के बीच अहम बातचीत

**मुंबई, 20 जनवरी. मुंबई मेयर पद की दौड़ निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है और अब इस पर अंतिम फैसला दिल्ली में होने की संभावना है.**



भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र सदन में महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहे हैं, जहां मेयर पद समेत प्रमुख पदों पर सहमति बनने की उम्मीद है. भाजपा सूत्रों के मुताबिक पार्टी के वरिष्ठ नेता पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) का प्रतिनिधिमंडल भी राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हो चुका है. महाराष्ट्र सदन में दोपहर बाद होने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में शिवसेना के महासचिव राहुल शेवाले और भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम के बीच चर्चा प्रस्तावित है. बैठक में मेयर पद के साथ-साथ स्थायी समिति के अध्यक्ष पद और अन्य महत्वपूर्ण नागरिक समितियों के पदों के बंटवारे पर विचार किया जाएगा. बीएमसी चुनावों में भाजपा 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है.

महायुति के तहत भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) ने मिलकर चुनाव लड़ा था और दोनों के पास कुल 118 निर्वाचित उम्मीदवार हैं. 227 सदस्यीय बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सदस्यों का आंकड़ा जरूरी है. संख्या बल स्पष्ट होने के बावजूद सभी दलों के बीच राजनीतिक जोड़ तोड़ तेज है. यह भी दावा किया जा रहा है कि शिवसेना (शिंदे गुट) ने ढाई साल के लिए मेयर पद की मांग की है, हालांकि भाजपा ने ऐसे किसी प्रस्ताव से इनकार किया है.

# वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक के डीजीपी निलंबित

**बेंगलुरु, 20 जनवरी. कर्नाटक पुलिस के पुलिस महानिदेशक के. रामचंद्र राव को महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाए गए कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोमवार को निलंबित कर दिया गया.**



वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है. हालांकि, डीजीपी राव ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए वीडियो को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया है. उन्होंने कहा कि उन्हें इस वीडियो की कोई जानकारी नहीं है और यह उनके खिलाफ साजिश हो सकती है. गृह मंत्री जी. परमेश्वर से मुलाकात की कोशिश भी उन्होंने की, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गृह मंत्रालय से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को वर्दी में दफ्तर के भीतर एक महिला के साथ आपत्तिजनक हरकतें करते हुए दिखाया गया है.

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज कर्नाटक की यात्रा पर

**नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बुधवार को कर्नाटक की यात्रा पर जायेंगे. उप राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में शिवकुमार महास्वामीजी की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे. इसके पश्चात अपराह्न में उपराष्ट्रपति बेंगलुरु में सीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रजत जयंती समारोह में भी शामिल होंगे.



### आज का इतिहास

- 1919 – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ तथा पंजाब के मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बराड का जन्म।
- 1924 – रैक्जे मैक्डोनाल्ड के नेतृत्व में पहली बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी.
- 1943 – उड़िया भाषा की प्रसिद्ध लेखिका प्रतिभा राय का जन्म.
- 1958 – कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया.
- 1972 – मणिपुर मेघालय-त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस
- 1981 – तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया.
- 1986 – भारतीय फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का जन्म

# किसानों के हक की लड़ाई और मजबूत होगी

### जेल में बंद किसान नेता राजू करपड़ा को केजरीवाल का समर्थन

**नई दिल्ली, 20 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गुजरात में किसानों की आवाज़ बुलंद कर रहे किसान नेता राजू भाई करपड़ा के समर्थन में बड़ा संदेश दिया है.**



केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर उन्होंने किसान आंदोलन, सच और इंसाफ़ की लड़ाई तथा सरकार की कार्रवाई पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल भी खड़े किए. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गुजरात में किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे किसान नेता राजू भाई करपड़ा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं. केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावनात्मक और राजनीतिक संदेश साझा करते हुए कहा कि राजू करपड़ा पिछले तीन महीनों से अधिक समय से जेल में बंद हैं, लेकिन उनकी आवाज़ को कोई सलाखें नहीं रोक सकतीं.

पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि ईश्वर राजू करपड़ा को गरीबों और किसानों के हक़ की लड़ाई और भी मजबूती से लड़ने की शक्ति दें. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सच और इंसाफ़ की आवाज़ को कभी भी जेल में कैद नहीं किया जा सकता. यह बयान ऐसे समय आया है जब गुजरात में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार राजनीतिक बयानबाजी तेज़ होती जा रही है. राजू को गुजरात में किसानों की समस्याओं को उठाने वाला एक मुखर चेहरा माना जाता है. उनकी गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं.

# स्पेन के विदेश मंत्री जोस अल्बेरेस दो दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे



**नई दिल्ली, 20 जनवरी. स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस मंगलवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे.**

इस दौरान वह भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे. बुधवार को अल्बेरेस हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करेंगे. यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत और स्पेन के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग लगातार विस्तार पा रहा है. पिछले वर्ष नवंबर में दोनों देशों के बीच विदेश कार्यालय परामर्श का आठवां दौर आयोजित हुआ था, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था. भारत ने उस दौरान आतंकवाद के प्रति अपनी शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई थी.

### एक नजर में



## कोलंबिया में सशस्त्र गुटों के बीच झड़प में 26 मृत

**बोगोटा, 20 जनवरी.** कोलंबिया के गुआवियारे प्रांत में सशस्त्र गुटों के बीच हुई भीषण झड़पों में कम से कम 26 लोग मारे गए. कोलंबियाई सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी. राष्ट्रीय सेना के चौथे प्रभाग के कमांडर रिकार्डो रोके ने स्थानीय मीडिया को बताया कि प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र गुटों के बीच हुई लड़ाई के बाद सैनिकों ने एल रेटोर्नो नगर पालिका से 26 शव बरामद किए. रोके ने कहा कि सेना, पुलिस, नौसेना और वायुसेना बल 35 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले इस इलाके पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए संयुक्त अभियान चला रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा अभियानों के समन्वय और आस-पास के समुदायों के लिए संभावित अविस्फोटक बमों सहित खतरों से निपटने के लिए एक एकीकृत कमान चौकी स्थापित की गई है.

## जासूसी के आरोप में 9 की मौत की सजा बरकरार

**सना, 20 जनवरी.** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा. हूती -संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी. चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है. इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है. अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा.

## इजरायली सेना ने लेबनान पर किया हमला

**यरूशलेम, 20 जनवरी.** इजरायली सेना ने कहा कि उसने सोमवार रात दक्षिणी लेबनान के ज़बिकिन इलाके में एक हमले में हिज़्बुल्लाह के एक आतंकवादी को मार गिराया. यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह व्यक्ति मारा गया या नहीं. एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हमले के परिणामों की अभी समीक्षा की जा रही है.

# 21 ठिकानों पर छापेमारी

## सबरीमाला मंदिर से सोने की चोरी मामले में ईडी का एक्शन



**कोच्चि, 20 जनवरी. सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य मंदिर संपत्तियों के कथित दुरुपयोग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी के कोच्चि जोनल ऑफिस ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में एक साथ 21 स्थानों पर छापेमारी की.**

यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत की गई. ईडी के अनुसार, यह मामला केरल क्राइम ब्रांच में दर्ज कई एफआईआर से जुड़ा है, जिनमें आरोप है कि त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के कुछ अधिकारी, निजी व्यक्ति, बिचौलिये और ज्वैलर्स सोने की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं में शामिल थे. कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद 9 जनवरी 2026 को ईसीआईआर दर्ज की गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोने की परत चढ़ी पवित्र कलाकृतियों को जानबूझकर आधिकारिक रिकॉर्ड में 'कॉपर प्लेट्स' बताकर दर्ज किया गया. आरोप है कि 2019 से 2025 के बीच इन कलाकृतियों को मंदिर से बाहर ले जाकर चेन्नई और कर्नाटक के निजी प्लांट्स में रासायनिक प्रक्रियाओं से सोना निकाला गया.

## अमित शाह आज से दो दिनी उत्तराखंड दौरे पर



**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह हरिद्वार और ऋषिकेश में आयोजित कई धार्मिक, सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे. उनका यह दौरा राज्य के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन के लिहाज से खास माना जा रहा है. 21 जनवरी को अमित शाह ऋषिकेश में स्वर्गाश्रम स्थित गीता भवन पहुंचेंगे.

# हेट स्पीच याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली, 20 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच की घटनाओं पर दायर कई याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. पीठ ने सभी पक्षकारों से दो सप्ताह के भीतर अपनी लिखित दलीलें और संक्षिप्त नोट्स दाखिल करने को कहा है.**

कोर्ट के समक्ष मुख्य सवाल यह है कि क्या सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ भाषणों पर रोक लगाने के लिए कोई विशेष दिशा निर्देश या प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए. याचिकाओं में कहा गया है कि 2018 में भीड़ हिंसा रोकने के लिए जारी निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है. सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील निजाम पाशा ने कहा कि शिकायतों के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं होतीं और यदि होती भी हैं तो गंभीर धाराएं नहीं लगाई जातीं, जिससे हेट स्पीच को बढ़ावा मिलता है. एडवोकेट एमआर शमशाद ने धार्मिक हस्तियों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई. वहीं, हिंदू सेना की ओर से कहा गया कि कई मामलों में शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. एडवोकेट संजय हेगड़े ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हेट स्पीच के बीच संतुलन तय करना जरूरी है, क्योंकि कमजोर सामाजिक वर्ग अक्सर ऐसे बयानों का शिकार बनता है.

## रैगिंग में दोषी नौ एमबीबीएस छात्र निष्कासित

**देहरादून 20 जनवरी.** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग किए जाने के मामले में एमबीबीएस के नौ छात्रों को कॉलेज तथा हॉस्टल से निष्कासित कर दिया है. जबकि इनमें से दो छात्रों पर निष्कासन के साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. प्राचार्य डा गीता जैन की ओर से इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया गया है. डा जैन ने मंगलवार को इस संदर्भ में बताया कि एमबीबीएस 2025 बैच के दो छात्रों के साथ 12 जनवरी की रात 2023 और 2024 बैच के सीनियर छात्रों ने मिलकर रैगिंग की थी.

### कूटनीति

## अब तक के सबसे बड़े समझौते पर होने जा रहा हैं हस्ताक्षर

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के नजदीक

**नई दिल्ली 20 जनवरी. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के करीब हैं और यह अब तक का सबसे बड़ा समझौता होगा.**



लेयेन ने मंगलवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) को संबोधित करते हुए कहा कि दावोस के बाद अगले सप्ताहांत में वह भारत की यात्रा करेंगी. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अभी कुछ काम शेष है. उन्होंने कहा और दावोस के तुरंत बाद अगले सप्ताहांत में मैं भारत की यात्रा करूंगी. अभी कुछ काम बाकी है, लेकिन हम एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के बिल्कुल करीब हैं. वास्तव में, कुछ लोग इसे सभी समझौतों की जननी कहते हैं. उन्होंने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों का मुक्त बाजार तैयार करेगा. इसमें शामिल पक्ष वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक चौथाई योगदान करते हैं. उन्होंने कहा कि इससे यूरोप को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते और गतिशील क्षेत्रों में से एक (भारत) के साथ पहले समझौता करने का लाभ मिलेगा. उन्होंने कहा, 'यूरोप दुनिया को चुनेगा और दुनिया भी यूरोप को चुनने के लिए तैयार है. यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे. इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे.

यूरोपीय आयोग अध्यक्ष ने कहा कि यूरोप मौजूदा दौर में आर्थिक वृद्धि के केंद्रों और आर्थिक शक्तियों के साथ व्यापार करना चाहता है जिसमें लैटिन अमेरिका से लेकर हिन्द प्रशांत और उससे आगे तक के क्षेत्र शामिल हैं. यूरोपीय संघ ऑस्ट्रेलिया के साथ एक नए मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहा है. वह फिलीपींस, इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ भी समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

## इंजीनियर युवराज मौत केस में पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली, 20 जनवरी.** इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली यह घटना देर तक दिल दहला देती है. पापा, मुझे बचा लो मुझे अभी जिंदा रहना है. यह शब्द थे 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता के, जो मौत से सिर्फ दो घंटें पहले पानी से भरे गड्ढे में मदद की गुहार लगाता रहा. लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारी और आमलोग बचाने के बजाय तमाशबीन बने देख रहे थे और साथ ही अपने फोन से वीडिओ भी रिकॉर्ड कर रहे थे. वहीं युवराज को बचाने के लिए एक डिलीवरी बॉय मोनिंदर ने जान की बाजी लगा दी. हैरानी की बात यह है कि इसी स्थान पर 15 दिन पहले भी हादसा हो चुका था, लेकिन सिस्टम ने कोई सबक नहीं लिया.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग भिण्ड (म.प्र.)

Website: www.mp.gov.in/pwd.mp Emil: eepwdbhind@mp.nic.in [Phone: 07534-234714 Fax: 2333011

क्रमांक 131/व.ले.लि./ 2025-26 भिण्ड/दिनांक 12/01/26

### निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 36/2025-26

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन सडक अनुसूची दर 11.04.2025 एवं नवीन विद्युत अनुसूची दर 01.01.2024 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाईन निविदा में अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण बेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। बेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| स.क्र. | टेण्डर आई.डी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | अग्रिम धरोहर राशि (रुपयों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | आमंत्रण क्रमांक | भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_475471_1 | उपसंभाग मेंहगांव के अंतर्गत निर्माण कार्य कोंहार बरासों मार्ग लं. 12.99 कि.मी. (विद्युत पोल शिफ्टिंग सहित) | 2245.03 | 1122515.00 | 50000.00 | 24 माह वर्षाकाल सहित। | प्रथम | ऑनलाईन |
| योग: | | | 2245.03 (बाईस करोड पैंतालीस लाख तीन हजार मात्र) | | | | | |

1. ऑनलाईन टेण्डर पब्लिश दिनांक 14.01.2026 समय 17.30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड / विक्रय प्रारंभ दिनांक 14.01.2026 समय 17.30 बजे
3. निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक 28.01.2026 समय 17.30 बजे
4. ऑनलाईन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक 14.01.2026 समय 17.30 बजे
5. ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक 28.01.2026 समय 17.30 बजे
6. बिड ओपनिंग दिनांक 30.01.2026 समय 11.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैद्यता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाईन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नही निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये तिरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज ऑनलाईन ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त बेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) बेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत
f. एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाइट में देखी जा सकती है।

मनीष कुमार मरकाम
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग भिण्ड
मो.नं. 7747912490

G-24685/25